तापमान

अधिकतम 41.0 डिग्री

न्यूनतम 28. 0 डिग्री

हरिभूमि

# जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, रविवार, 27 अप्रैल 2025

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती


4 भाजपा ने डॉ. अंबेडकर को दिया उचित सम्मान : चौधरी



## खबर संक्षेप

### पूर्व नेता प्रतिपक्ष चंदेल आज रहेंगे रायगढ़ दौरे पर



**जांजगीर-चांपा।** छ.ग. विधान सभा के पूर्व नेता प्रतिपक्ष एवं प्रदेश भाजपा के वरिष्ठ नेता नारायण चंदेल रविवार 27 अप्रैल को रायगढ़ जिले के दौरे पर रहेंगे। श्री चंदेल प्रातः 10 बजे जांजगीर-चाम्पा जिले में आयोजित अम्बेडकर जयंती के कार्यक्रम में शामिल होंगे। तद्उपरांत वे दोपहर 12 बजे रायगढ़ के लिए प्रस्थान करेंगे। वे रायगढ़ में दोपहर 3 बजे से आयोजित भारतीय जनता पार्टी सेवा सप्ताह के अंतर्गत बाबा साहब डॉ. अम्बेडकर के जीवनी पर आयोजित सेमीनार में शामिल होंगे। तद्उपरांत वे रात्रि में जांजगीर-चाम्पा वापस आयेंगे। वे 27 अप्रैल को जांजगीर में आयोजित भारतीय जनता पार्टी के स्थानीय कार्यक्रम में शामिल होंगे तथा ग्रामीण क्षेत्रों में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेंगे। श्री चंदेल दिनांक 28 अप्रैल को भी जांजगीर-चाम्पा विधान सभा व जिले में आयोजित अनेक कार्यक्रम में शामिल होंगे।

### तपती दोपहरी में भी भू विस्थापितों का आंदोलन जारी

**जांजगीर-चांपा।** नौकरी सहित विभिन्न मांगों को लेकर भू विस्थापितों का तकरीबन छह महीने से जारी रहा। नौकरी सहित विभिन्न मांगों को लेकर मड़वा पॉवर प्लांट अंतर्गत आने वाले भू विस्थापित सोमवार 14 अक्टूबर से आंदोलन कर रहे है। उनका आंदोलन 26 अप्रैल को भी जारी रहा। अटल बिहारी बाजपेयी ताप विद्युत संयंत्र के लिए भूमि अधिग्रहण में बहुत ही कम दाम पर 3 लाख 64 हजार रुपए में ली गई थी। भू-विस्थापितों को 2007 पुर्नवास नीति के तहत नौकरी एवं उनके सह खातेदारों को जब तक नौकरी नहीं दी जाती है, तब तक निर्वहन भत्ता दिए जाने का निर्णय लिया गया था, परन्तु अभी भी भू-विस्थापितों को नौकरी नहीं दी गई और नहीं निर्वहन भत्ता दिया जा रहा है। इन्ही मुद्दों को लेकर मड़वा ताप विद्युत कामगार एवं भू-विस्थापित श्रमिक संघ एटक के द्वारा भू-विस्थापितों को नौकरी दो, की मांग को लेकर चरणबद्ध अनिश्चित कालीन हड़ताल 14 अक्टूबर से चल रहा है। शनिवार 26 अप्रैल नवंबर को उनका आंदोलन जारी रहा।

### साल भर पहले लगा केबल, अब तक शुरू नहीं हो सकी सप्लाई

**सिलादेही।** चर्च से लेकर छबि पटेल के घर तक पिछले 1 साल से विद्युत केबल का नया वायर तो लगा दिया गया , लेकिन अभी तक सप्लाई शुरू नहीं हो सकी है। अभी भीह पुराने वायर से बांस बल्ली के सहारे बिजली की सप्लाई हो रही है। कही नाली तो कही रोड में केबल बेवजह पड़ा हुआ है। जिसमें गाय बछड़ों का फंसने का खतरा बना रहता है और इस चिलचिलाती गर्मी में आए दिन बिजली कटौती का कारण बन रहा है। जिसमें ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कई बार इसका सूचना देने के बावजूद भी बिजली विभाग द्वारा इसका समाधान नहीं किया जा रहा है। जिससे हादसे का अंदेशा बना हुआ है।

### खनिज माफिया सक्रिय, रात में जेसीबी से निकाल रहे रेत

**जांजगीर-चांपा।** जिले के रेत घाटों में खनिज माफियाओं द्वारा रेत का अवैध परिवहन व उत्खनन बेखौफ रूप से चल रहा है। हसदेव नदी में रात को जेसीबी मशीन से रेत निकाली जा रही है और नदी तट पर डंप कर इसे दिन में खपाया जा रहा है। हसदेव नदी के तट पर दिन भर अवैध रेत उत्खनन का कारोबार धड़ल्ले से चल रहा है। खास बात यह है कि दिन तो दिन रात में भी खनिज माफियाओं द्वारा अवैध तरीके से रेत का परिवहन कर रहे है। शासन द्वारा रेत के अवैध भंडारण एवं परिहन पर पाबंदी लगाई गई है। इसके बाद भी अवैध कारोबार तेजी से चल रहा है।

टेल एरिया में सिंचाई की समस्या बरकरार, सैकड़ों एकड़ की फसल मुरझाई

# रबी फसल लगाकर बुरे फंसे किसान खत्म नहीं हो रही पानी की किल्लत

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा



सूखी नहर के कारण किसानों के माथे पर छायी चिंता की लकीर।

रबी फसल की खेती करने वाले किसान इन दिनों बुरी तरह से फंस गए है। दरअसल नहर में पानी कम आने से सिंचाई की समस्या अभी तक खत्म नहीं हो रही है। स्थिति यह है कि टेल एरिया के कई गांवों में फसल सूखने लगी है। ऐसी स्थिति में जल संसाधन विभाग और जिम्मेदार प्रशासन के खिलाफ आक्रोश भी पनपने लगा है।

गौरतलब है कि हसदेव बांगो नहर से 90 प्रतिशत से अधिक सिंचित जांजगीर चांपा जिले में इस बार भी बड़ी संख्या में किसानों ने ग्रीष्मकालीन फसल लगाई है। फसल लगाने के पूर्व बकायदा जिला जल उपयोगिता समिति की बैठक हुई। जिसके बाद जनवरी के पहले सप्ताह से नहर में पानी छोड़ा गया। किसानों ने नहर के पानी से सिंचाई के दम पर बड़ी तादाद में धान की रबी फसल लगाई। पिछले कुछ दिनों से नहर की धार काफी कम हो गई है। जांजगीर ब्रांच में 13 सौ क्यूसेक से अधिक पानी की जरूरत होती है। वर्तमान में 656 क्यूसेक ही पानी चल रहा है। नवागढ़ क्षेत्र में स्थिति कुछ ज्यादा ही खराब है। नवागढ़ क्षेत्र के तुलसी, उदयभांठा, खैरताल, खपरीडीह, किरीत और मिस्दा क्षेत्र के नहर माइनर में 6 सौ क्यूसेक पानी की जरूरत पड़ती है, लेकिन वर्तमान में यहां 2 सौ क्यूसेक से भी कम पानी ही चल रहा है। इधर अकलतरा ब्रांच में 614 क्यूसेक पानी जा रहा है। ऐसी स्थिति में इस क्षेत्र के दर्जनों गांवों में पानी की किल्लत हो रही है। उल्लेखनीय है कि रबी फसल लगाने के पहले जिले के तत्कालीन कलेक्टर आकाश छिकारा के दिशा निर्देशन में जिला जल उपयोगिता समिति की बैठक हुई थी। इस बैठक में ग्रीष्मकालीन फसल के लिए किसानों को 30 अप्रैल तक पर्याप्त पानी देने का निर्णय लिया गया था, लेकिन शुरूआत के एकाध-डेढ़ माह नहर से पर्याप्त पानी आने के बाद धार कम हो गई। स्थिति यह है कि किसानों ने बोआई के बाद खाद और दवा छिड़काव में प्रति एकड़ हजारों रुपए खर्च कर डाले। वर्तमान में फसलों में बालियां आने को है और ऐनवक्त पर नहर की धार फिर से कम हो गई है। ऐसी स्थिति में नवागढ़, अकलतरा, पामगढ़ ब्लाक के आधा सैकड़ा से अधिक गांवों में हजारों एकड़ की फसल मुरझाने लगी है।

### सूखने लगी फसल

नवागढ़ क्षेत्र के किसान इन दिनों पानी की भारी किल्लत से जूझ रहे हैं। नहर विभाग की लापरवाही के चलते खेतों तक सिंचाई के लिए पानी नहीं पहुंच पा रहा है, जिससे किसानों की मेहनत से उगी फसलें सूखकर बर्बाद होने की कगार पर हैं। स्थानीय किसानों का कहना है कि उन्होंने बैंक से ऋण लेकर धान की खेती की थी, लेकिन अब जब खेतों को पानी की सख्त जरूरत है।

**बना रहे व्यवस्था**

ऊपर से ही नहर में पानी कम आ रहा है। जरूरत के हिसाब से पानी बढ़ाने उच्चाधिकारियों को अवगत कराया जाता है। जितना पानी है, उस हिसाब से व्यवस्था बनाई जा रही है।

-सुधीर सुखदेव,
एसडीओ बिर्रा-नवागढ़

# नदी में गिरा ट्रक, बाल-बाल बचा चालक, छोटा भाई लापता

## तलाश में जुटी एसडीआरएफ की टीम

हरिभूमि न्यूज ⏭ हसौद



मौके पर लगी भीड़ व लापता युवक की खोजबीन में जुटी एसडीआरएफ की टीम।

रायगढ़ से बलौदाबाजार जा रही एक ट्रक भेड़ीकोना के बोराई नदी पुल से अनियंत्रित होकर नदी में गिर गई। दुर्घटना के तुरंत बाद आसपास मौजूद लोगों की सतर्कता से ट्रक चालक शिव साहू को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। चालक का भाई दुर्घटनाग्रस्त ट्रक से सामान निकालने के लिए नदी में उतरा। लेकिन इसके बाद से उसका कहीं कोई पता नहीं चल सका। एसडीआरएफ की टीम उसकी तलाश में जुटी है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार घोघरी निवासी शिव साहू शुक्रवार की देर रात रायगढ़ से बलौदाबाजार की ओर ट्रक में सामान लेकर जा रहा था।हसौद-डभरा मुख्य मार्ग पर स्थितभेड़ीकोना पुल के पास ट्रक का नियंत्रण अचानक बिगड़ गया और वाहन पुल की रेलिंग तोड़ते हुए सीधे नदी में जा गिरा। हादसे के दौरान पुल के समीप मौजूद ग्रामीणों ने तुरंत चालक को ट्रक की केबिन से सुरक्षित बाहर निकाला। सूचना पर हसौद पुलिस व डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची और घायल चालक को नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र भेजा, जहां से उसे गंभीर अवस्था में बिलासपुर रेफर कर दिया गया। इधर शनिवार सुबह लगभग 9:30 बजे घायल चालक का भाई नूतन साहू दुर्घटनाग्रस्त ट्रक से सामान निकालने के लिए नदी में उतरा। पहले प्रयास में उसने ट्रक की चाबी तथा दूसरे प्रयास में मोबाइल बाहर निकाला। लेकिन जब वह तीसरी बार ट्रक के केबिन में समान लेने गया, तब से वापस नहीं लौट सका। आशंका जताई जा रही है कि नूतन साहू ट्रक के केबिन में फंसकर नदी में डूब गया है। परिजन और ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस व एसडीआरएफ की टीम ने तत्काल खोजबीन शुरू की, लेकिन समाचार लिखे जाने तक उसका कुछ पता नहीं चल पाया है। हसौद थाना प्रभारी सब इंस्पेक्टर अनवर अली और छपोरा की पुलिस ने मौके पर मोर्चा संभाल लिया है। साथ ही एसडीआरएफ की टीम भी मौके पर तैनात है और लापता युवक की तलाश में युद्धस्तर पर अभियान चला रही है। नदी के जलस्तर को कम करने के लिए नजदीकी डैम के गेट खोल दिए गए हैं ताकि सर्च ऑपरेशन में तेजी लाई जा सके।

### भेड़ीकोना पुल पर आए दिन हो रहे हादसे

भेड़ीकोना स्थित बोराई नदी पर बना यह पुल पूर्व में भी कई दर्दनाक हादसों का साक्षी रहा है। पुल की जर्जर स्थिति, कमजोर रेलिंग और संकरी चौड़ाई के चलते यहां आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं। अब तक कई ट्रक और भारी वाहन पुल से अनियंत्रित होकर नदी में गिर चुके हैं, जिनमें कई लोगों की जान भी जा चुकी है। स्थानीय निवासियों ने एक बार फिर प्रशासन से पुल की मरम्मत, चौड़ीकरण तथा मजबूत सुरक्षा इंतजाम की मांग उठाई है, ताकि भविष्य में ऐसी दर्दनाक घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

# जहर देकर हत्या करने वाले आरोपियों को आजीवन कारावास

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा



पुरानी रंजिश पर जहर खिलाकर हत्या करने वाले दो आरोपियों को आजीवन कारावास से दंडित किया गया है। अपर सत्र न्यायाधीश एफ टी सी ने फैसला सुनाया है। मामला मुलमुला थाना क्षेत्र के ग्राम भैसो का है।

अभियोजन पक्ष से मिली जानकारी के अनुसार भैसो निवासी तुलेश्वर दिवाकर के घर पर 5 दिसम्बर 2020 को पार्टी रखी गई थी। पार्टी में गांव का भूपेंद्र कुर्रे भी पहुंचा था। पार्टी के बाद सभी अपने घर चले गए। बाद में तुलेश्वर दिवाकर और उसके साथी शिव प्रसाद बंदे ने भूपेंद्र व उसके भाई नरेंद्र को बुलाया और तालाब के पास ले गए। नरेंद्र को कुछ सामान लाने के बहाने दुकान भेज दिया गया। इधर भूपेंद्र को हाजमा गोली का झांसा देकर सल्फास की गोली खिला दी। भूपेंद्र की तबियत बिगड़ने पर सी एच सी पामगढ ले जाया गया, जहाँ डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मामले में तुलेश्वर दिवाकर और शिव प्रसाद बंदे को गिरफ्तार किया। दोनों ने पुरानी रंजिश पर वारदात को अंजाम देना स्वीकार किया। पुलिस ने न्यायालय में अभियोग पत्र प्रस्तुत किया।अपर सत्र न्यायाधीश एफ टी सी अनिल कुमार बारा ने प्रकरण की सुनवाई की। न्यायाधीश ने साक्ष्य के आधार पर 22 वर्षीय तुलेश्वर दिवाकर पिता बेदराम दिवाकर और 26 वर्षीय शिव प्रसाद बंदे पिता रामलाल बंदे को दोषी पाया। आरोपियों को भादवि की धारा 302, 34 के अपराध के लिए आजीवन कारावास और 500-500 रुपए के अर्थदंड से दंडित किया गया। अर्थदंड की राशि अदा नहीं करने पर 3-3माह अतिरिक्त कारावास भुगताने का दंडादेश जारी किया गया है। मामले में अभियोजन की ओर से पैरवी अतिरिक्त लोक अभियोजक एफ टी सी योगेश कुमार गोपाल ने की।

### फड़ पर दी दबिश, 6 जुआरियों से 33 हजार 700 रुपए जब्त

**जांजगीर-चांपा।** अकलतरा क्षेत्र में लगे हुए के फड़ पर दबिश देकर पुलिस ने छह लोगों को धरदबोचा। उनके कब्जे से 33 हजार 700 नगद बरामद कर कार्रवाई की गई। इसी कड़ी में मुखबिर की सूचना पर थाना अकलतरा क्षेत्र में जुआ खेलने वाले आरोपियों के विरुद्ध सायबर टीम व थाना अकलतरा पुलिस द्वारा रेड कार्यवाही कर 6 जुआरियों को जुआ खेलते पकड़ा गया। जुआरियों के कब्जे से 33 हजार 700 रुपए बरामद हुआ। आरोपियों के विरुद्ध छ.ग. जुआ प्रतिषेध अधिनियम की धारा 3(2) के तहत कार्यवाही की गई। संजीव कुमार साहू, बालचंद साहू, रविचंद्र निराला, टीकम टंडन सभी अकलतरा थाना क्षेत्र के जुआरियों की गिरफ्तारी की गई। कार्रवाई में अकलतरा पुलिस का योगदान रहा।

## बाइक से बद्रीनाथ की यात्रा...




**जांजगीर-चांपा।** जिला अस्पताल में एम्बुलेंस चालक के पद पर पदस्थ विजय थवाईत मोटरसायकल से बद्रीनाथ और केदारनाथ की यात्रा पर निकल गए है। विजय थवाईत दूसरी बोर इस यात्रा के लिए रवाना हुए है। इसके पूर्व भी वे अपनी मोटरसायकल से बद्रीनाथ और केदारनाथ धाम की यात्रा करके लौट चुके है। शुक्रवार 25 अप्रैल को विधिवत पूजा अर्चना करने के बाद विजय दूसरी बार इस यात्रा पर निकले है। इस दौरान उनके परिजन के साथ जिला मुख्यालय जांजगीर में उनके साथियों एवं कचहरी चौक का राजा ग्रुप उन्हें इस यात्रा के लिए विदा किया गया। फोटो : हरिभूमि

### तीन ठिकानों से जब्त की गई 14 लीटर शराब

**सक्ती।** आबकारी विभाग की टीम ने तीन ठिकानों पर दबिश देकर 14 लीटर शराब जब्त की गई है। आबकारी विभाग की टीम ने 26 अप्रैल को सक्ती नगर के वार्ड नंबर 4 देवरमाल निवासी संतराम सिदार के घर से 2 जरीकेन में भरा 8 लीटर महुआ शराब बरामद किया। इसी तरह ग्राम उपकाचुंआ निवासी राजकुमारी डनसेना के कब्जे से 2 लीटर महुआ शराब जब्त किया गया। वार्ड नंबर 16 निवासी विनोद धिरहे के कब्जे से 4 लीटर महुआ शराब और 3 नग देशी प्लेन शराब जब्त की गई। आरोपियों के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धारा 34(1) के तहत कार्रवाई की गई। कार्रवाई में जिला आबकारी अधिकारी आशीष उप्पल की टीम का योगदान रहा।

# घर घुसकर महिला के साथ दैहिक शोषण करने वाला आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

महिला के साथ दैहिक शोषण करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मामला चांपा थाना क्षेत्र का है।

इस संबंध में चांपा पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार चांपा के राजापारा निवासी किशन देवांगन ने पीड़िता जब घर पर अकेली थी, तभी आरोपी ने सूनेपन का फायदा उठाकर उसके साथ जबरन दैहिक शोषण किया। विरोध करने पर आरोपी ने पीड़िता को जान से मारने की धमकी भी दी। इधर प्रताड़ना से तंग आकर महिला ने इसकी रिपोर्ट दर्ज कराई। पीड़िता की रिपोर्ट पर चाम्पा थाना में आरोपी के विरुद्ध धारा 64, 332(सी), 351(2) बीएनएस तहत 25 अप्रैल को अपराध दर्ज कर लिया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विवेक शुक्ला के निर्देश व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कुमार कश्यप तथा चाम्पा एसडीओपी यदुमणि सिदार के मार्गदर्शन में आरोपी को तत्काल गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में आरोपी ने अपना जुर्म कबूल कर लिया, जिसके बाद उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया।

## मीडियाकर्मी व उसके भाई के साथ मारपीट, पुलिस के साथ भी झूमाझटकी

# उग्र भीड़ के सामने बेबस पुलिस ने स्वयं को थाने के अंदर किया बंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा



थाना परिसर में भीड़ को समझाने का प्रयास करते पुलिसकर्मी।

अकलतरा नगर के शास्त्री चौक में 20 अप्रैल को जाम लगने एवं मारपीट का कवरेज कर रहे मीडिया कर्मी एवं अन्य युवकों का विवाद 25 अप्रैल की रात 9 बजे इतना बढ़ गया कि उग्र भीड़ के सामने बेबस पुलिस के द्वारा स्वयं को पुलिस थाने में बंद करने को विवश होना पड़ गया। पुलिस द्वारा किसी तरह उग्र भीड़ को थाने से बाहर निकाल कर थाने के मुख्य शटर एवं समस्त दरवाजे को बंदकर स्थिति संभाली गई।

अकलतरा में 20 अप्रैल की घटना को लेकर मीडिया कर्मी के द्वारा कुछ युवकों के विरुद्ध मामला दर्ज कराया गया था वहीं दूसरे पक्ष से भी मीडिया कर्मी सहित अन्य युवकों के विरुद्ध एट्रोसिटी के अंतर्गत शिकायत दर्ज कराई गई थी। 25 अप्रैल को रात 8:00 बजे पिकअप में कुछ युवकों के द्वारा लटिया फाटक के पास मीडिया कर्मी के भाई एवं उसके मित्र की मारुति डिजायर कार के ऊपर पत्थर से कार का शीशा तोड़ने का प्रयास किया गया। इसके पश्चात पिकअप सवार युवकों के द्वारा शास्त्री चौक में लाठी एवं डंडा लहराकर शास्त्री चौक से गुजर रहे राहगीरों एवं वहां के व्यापारियों के साथ गाली गलौज किया गया। जिससे भयभीत होकर शास्त्री चौक के व्यापारियों के द्वारा अपनी अपनी दुकान बंद कर दी गई। रात 8:45 बजे मीडियाकर्मी, उसका भाई एवं मित्र पुलिस थाना पहुंचे एवं अपने ऊपर हुए हमले की जानकारी दे रहे थे इसी दौरान लगभग 200 की संख्या में उग्र भीड़ भी पुलिस थाना पहुंच गई। पुलिस थाने के अंदर मीडिया कर्मी एवं उसके भाई से मारपीट किया गया। मारपीट के दौरान पुलिस कांस्टेबल के द्वारा बीच बचाव करने का प्रयास किया गया तो पुलिस कांस्टेबल के साथ भी झूमाझटकी की गई। पुलिस के द्वारा किसी तरह उग्र भीड़ को थाने से बाहर निकाल कर थाने के मुख्य शटर एवं समस्त दरवाजों को बंद कर उच्च अधिकारियों को इसकी सूचना दी गई। उच्च अधिकारियों को सूचना मिलने पर देर रात एडिशनल एसपी उमेश कश्यप एवं बलौदा थाना प्रभारी, पामगढ़ थाना प्रभारी, मुलमुला थाना प्रभारी सहित 70-80 पुलिस के जवान अकलतरा थाना पहुंचे तब तक भीड़ थाने से हट चुकी थी। पुलिस के द्वारा थाना एवं शास्त्री चौक में लगे सीसीटीवी कैमरे से फुटेज निकाल कर कार्रवाई करने की बात कही जा रही है।

# ट्रांसफार्मर जला, अंधेरे व गर्मी में बेहाल हो रहे रसौटावासी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा



खराब हुआ ट्रांसफार्मर।

बलौदा से लगे ग्राम रसौटा के रहवासी वैसे तो गर्मी के शुरूआत से ही अघोषित बिजली कटौती की समस्या से जूझ रहे है, वहीं एक दिन पहले ट्रांसफार्मर जलने से यहां की समस्या और भी बढ़ गई है। स्थिति यह है कि बीते 24 घंटे से बिजली गुल होने से ना तो दिन में चैन मिल रहा है और ना ही रात में सुकून।

ब्लाक मुख्यालय बलौदा से जुड़े ग्राम रसौटा के ग्रामीण इन दिनों बिजली की समस्या से जूझ रहे है। बताया जाता है कि गांव में लगा ट्रांसफार्मर 25 अप्रैल को खराब हो गया है। इसके बाद आधे गांव में बिजली सप्ताई पूरी तरह से बंद हो गई है । स्थिति यह है कि मुख्य बस्ती सहित इससे लगे इलाके के रहवासियों की परेशानी बढ़ गई है। बिजली बंद होने से यहां पेयजल की समस्या हो रही है, तो वहीं गर्मी में कूलर, पंखे भी शोपीस बन गए है। 24 घंटे से बिजली बंद होने की सूचना भी दी गई है, लेकिन विद्युत मंडल द्वारा अभी तक किसी प्रकार की पहल नहीं की गई है।

## खबर संक्षेप



### छात्राएं ले रहीं रिटेल स्टोर संचालन का प्रशिक्षण

**कोरबा।** शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय साडा में समग्र शिक्षा के अंतर्गत संचालित व्यावसायिक शिक्षा ट्रेनिंग पार्टनर अपग्रेड के तहत इस वर्ष रिटेल के 9वीं की छात्राओं को विद्यालय के प्राचार्य रणधीर सिंह एवं व्यावसायिक प्रशिक्षक श्रीमती सुमिता चौधरी के मार्गदर्शन में रिलायंस स्मार्ट प्वाइंट में ग्रीष्मकालीन गतिविधि के दौरान ऑन जॉब ट्रेनिंग कराया जा रहा है। ऑन जॉब ट्रेनिंग का उद्देश्य छात्राओं को रिटेल व्यवसाय से संबंधित प्रायोगिक कार्य जिसमें पीओएस पर कार्य करना, कस्टमर हैंडलिंग, टैगिंग लेबलिंग, प्रोडक्ट डिस्प्ले, इन्वेंट्री मैनेजमेंट आदि से संबंधित जानकारी देना है। इसके अंतरगत कक्षा 9वी की छात्राएँ जिनका जॉब रोल स्टोर संचालन सहायक है, रिलायंस स्मार्ट प्वाइंट में स्टोर मैनेजर कारण गुप्ता के मार्गदर्शन में कार्य करने के तरीकों को सीख रहे हैं। रिटेल क्षेत्र में रोजगार की अपार संभावनाओं को देखते हुए इन सभी गतिविधियों से छात्राओं को अपना भविष्य बनाने में सहायता मिलेगी।

### संविदा शिक्षकों को 30 दिन आकस्मिक अवकाश देने की मांग, सौंपा ज्ञापन



**कोरबा।** जिले में संचालित स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी एवं हिंदी माध्यम विद्यालयों में कार्यरत संविदा शिक्षकों को 30 दिवस आकस्मिक अवकाश एवं ग्रीष्मकालीन अवकाश दिए जाने की मांग उठी है। इस संबंध में जिला शिक्षा अधिकारी को एक आवेदन प्रस्तुत किया गया है जिसमें छत्तीसगढ़ शासन द्वारा जारी अधिसूचना का हवाला देते हुए संविदा शिक्षकों को भी उक्त सुविधा प्रदान करने का आग्रह किया गया है। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा एक अधिसूचना जारी कर छत्तीसगढ़ सिविल सेवा नियम 2012 के अंतर्गत नियुक्त संविदा कर्मचारियों को प्रतिवर्ष मिलने वाले आकस्मिक अवकाश को बढ़ाकर 30 दिन कर दिया गया है। यह अधिसूचना राजपत्र में भी प्रकाशित की जा चुकी है। जिले के शिक्षकों ने मांग की है कि अन्य जिलों की भांति यहां भी संविदा शिक्षकों को समान सुविधा दी जाए, जिससे कार्य संतोषजनक ढंग से संपन्न हो सके और शिक्षकों में असंतोष की भावना उत्पन्न न हो। आवेदन में जिला शिक्षा अधिकारी से अपील की गई है कि कोरबा जिले के अंतर्गत संचालित सभी स्वामी आत्मानंद शासकीय विद्यालयों में कार्यरत संविदा शिक्षकों एवं कर्मचारियों को उक्त अधिसूचना का लाभ शीघ्र प्रदान किया जाए।

### शासकीय महाविद्यालय हरदीबाजार में एल्युमनी मीट कार्यक्रम

**कोरबा।** शासकीय ग्राम्य भारती महाविद्यालय हरदीबाजार के सन 1998-99 बैच के भूतपूर्व छात्रों एवं प्राध्यापकों का स्नेह सम्मेलन बिलासपुर के होटल बंशीवाल में संपन्न हुआ। आयोजन स्थल में सुबह से ही मित्रों का जमावड़ा शुरू हो गया था, यहाँ कोरबा,दीपका, रायगढ़, बिलासपुर, रायपुर,जांजगीर सहित विभिन्न स्थानों पर विविध विभागों में पदस्थ मित्रों का सपरिवार आगमन हुआ। यहां तक कि उक्त आयोजन की जानकारी मिलने पर अपने पुराने सहपाठी मित्रों व गुरुजनों से मिलने की लालसा में भाई-बहन की जोड़ी, संजीव शर्मा सिंगापुर बैंकिंग तथा मंजू शर्मा लंदन से आकर इस आयोजन का हिस्सा बने।

### उरगा थाना क्षेत्र का मामला, जांच में जुटी पुलिस

# जमीन अधिग्रहण में मिला था 22 लाख का मुआवजा, रिश्तेदार ने किया गबन, जुर्म दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जमीन अधिग्रहण में मिली 22 लाख रुपए की राशि को गबन करने का मामला सामने आया है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरु कर दी है।

पड़ोसी जिले जांजगीर चांपा के नैला थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम करमंदी निवासी मोहन बिंझवार उम्र 60 वर्ष पिता स्व. रामभरोस बिंझवार ने उरगा थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि मोहन बिंझवार अपने माता पिता के तीन पुत्र थे, पुत्री नहीं थे। माता पिता के पैतृक संपत्ति कृषि कार्य भूमि ग्राम पुरैना में 10.50 एकड़ भूमि स्थित है जिसका खसरा नं. 1268/02 जो तीनों भाई के नाम पर पटवारी रिकार्ड व राजस्व विभाग के मुताबिक सामूहिक खाता है, पूर्व में भी सामूहिक खाता भी था। मोहन के बड़े भाई हरप्रसाद बिंझवार वर्तमान में सन् 2024 में मौत हो गया है, दूसरा नंबर का बड़ा भाई शिवप्रसाद बिंझवार की वर्ष 2023 में मौत हो चुका है। अब वर्तमान में सिर्फ मोहन बिंझवार बचा है। मोहन के दोनों बड़े भाई हरप्रसाद बिंझवार का एक पुत्र राजेन्द्र बिंझवार है तथा दूसरे भाई शिवप्रसाद बिंझवार के तीन पुत्र राजकुमार बिंझवार, दिलकुमार बिंझवार एवं दिलेश्वर बिंझवार है। मोहन के शामिलाती भूमि खसरा नंबर 1268/02 में से केवल 22 डिस्मील का अधिग्रहण शासन के द्वारा किया गया तथा मुआवजा राशि 22 लाख 48 हजार 646 रुपए स्वीकृत हुआ। शामिलात खाता होने की वजह से हरप्रसाद बिंझवार के व्यक्तिगत खाता आईसीआईसी बैंक शाखा कोरबा में 29 दिसंबर 2022 को मुआवजे की समस्त रकम 22 लाख 48 हजार 646 रूपये जमा हुआ था। हरप्रसाद बिंझवार के बैंक में अपने साला विशाल के पुत्र जगदीश बिंझवार का मोबाईल नं 969193035 दर्ज कराया था। बिरतराई निवासी जगदीश बिंझवार के द्वारा उक्त जमा राशि 22 लाख 48 हजार 646 रुपए को 29 दिसंबर 2022 को ही लगातार अमरनाथ खाण्डे को, हरप्रसाद से मनमोहन के खाता में 2 लाख रूपये ट्रांसफर हुआ है। इस तरह विभिन्न किश्तों में जगदीश बिंझवार ने अलग अलग खाता में रकम का स्थानांतरण कर दिया है। प्रार्थी मोहन बिंझवार की रिपोर्ट पर पुलिस ने जगदीश बिंझवार, अमरनाथ खांडे, मनमोहन बिंझवार, रामेश्वरी के विरुद्ध धारा 420 , 406 , 34 के तहत अपराध दर्ज किया है।

#### नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी, मामला दर्ज

सीएसईबी चौकी क्षेत्र अंतर्गत ढोढ़ीपारा निवासी मनोज कुमार यादव पिता महेश राम यादव ने चौकी में रिपोर्ट लिखाई है कि मानिकपुर चौकी क्षेत्र के गायत्रीनगर पोखरी निवासी दानिश खान पिता स्व० अनवर खान के द्वारा मनोज कुमार से अक्टुबर 2022 में धान खरीदी केन्द्र में कम्प्युटर आपरेटर के नौकरी लगवाने के नाम पर मनोज कुमार से 1 लाख 70 हजार रुपए नगद लिया और दो माह बाद फोन पे से 5 हजार रुपए और लिया है। 2 वर्ष बीतने के बाद भी दानिश खान के द्वारा मनोज कुमार यादव की ना तो नौकरी लगवाई गई और ना ही उसके रकम को वापस किया गया। मनोज कुमार यादव की रिपोर्ट पर पुलिस ने दानिश के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर लिया है।

#### लोन दिलाने के नाम पर सवा लाख की ठगी

आरामशीन निवासी पुनीदास महंत उम्र 34 वर्ष पिता छतदास महंत ने मानिकपुर चौकी में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसके द्वारा पोल्ट्री फार्म खोलने के लिए कई शासकीय विभागों और वित्तीय संस्थानों में लोन के संबंध में जानकारी चाही गई। इसी दौरान पुनीदास की मुलाकात जिला पंचायत कोरबा में कृष्णा कोसले से हुई। कृष्णा कोसले द्वारा पुनीदास को बैंक से लोन दिला देने का आश्वासन दिया गया और 20 लाख रुपये का लोन के लिए लिए 1 लाख 20 हजार रुपये बैंक मैनेजर को देना पड़ेगा कहा गया। तब पुनीदास के द्वारा उक्त लोन की राशि पाने के लिए कृष्णा कोसले को 20 हजार रुपये फोन पे के माध्यम से 2 सितंबर 2024 को दिया गया और 11 सितंबर 2024 को 1 लाख रुपये नगद कृष्णा कोसले को बुधवारी घोड़ा चौक से गुरुघासीदास चौक जाने वाले रोड में सिसोदिया अस्पताल के सामने दिया गया। जिसका वीडियो पुनीदास के पास है। इसके बाद कृष्णा कोसले के द्वारा एक माह बीत जाने के बाद भी पुनीदास को किसी भी बैंक से लोन नहीं दिलवाया। तब कृष्णा कोसले से संपर्क कर लोन के संबंध में पूछे जाने पर उसके द्वारा आज-कल में लोन दिला दूंगा कहकर टालते रहा और 4-5 माह बीत जाने के बाद भी कृष्णा कोसले ने पुनीदास को लोन नहीं दिलाया। इसके बाद पुनीदास कृष्णा कोसले को 6 अप्रैल को उसके मोबाइल नंबर पर कॉल किया तो उसके द्वारा मेरा कॉल उठाना बंद कर दिया। पुनीदास की रिपोर्ट पर पुलिस ने कृष्णा कोसले के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर लिया है।

## सड़क पर कब्जा कर लगाई गई कबाड़ी दुकान सील



अवैध कबाड़ दुकान पर कार्रवाई करता निगम का जेसीबी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

प्रशासन ने अवैध कबाड़ व्यवसाय के खिलाफ कार्रवाई की है। झगरहा इलाके में कबाड़ी मदन जायसवाल ने मुख्य सड़क तक अपना कबाड़ फैला रखा था। इससे यातायात बाधित हो रहा था और क्षेत्र की सुंदरता भी प्रभावित हो रही थी। स्थानीय लोगों ने पहले कबाड़ी से स्थिति सुधारने को कहा। लेकिन जब कोई सुधार नहीं हुआ, तो उन्होंने प्रशासन में शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के बाद नगर निगम और पुलिस की संयुक्त टीम मौके पर पहुंची। टीम ने कबाड़ यार्ड के संचालन की जांच की। सड़क पर रखे कबाड़ को जब्त कर चालान काटा गया।

उल्लेखनीय है कि इससे पहले मानिकपुर चौकी क्षेत्र के रामनगर मुख्य मार्ग पर भी एक कबाड़ी ने सड़क पर कब्जा कर रखा था। वह भारी वाहनों को भी सड़क पर खड़ा करता था। वार्ड 29 के पार्षद गोपाल कुर्रे की शिकायत पर वहां भी कार्रवाई की गई। यह मामला एसडीएम कार्यालय भेजा गया। प्रशासन ने स्पष्ट कर दिया है कि सार्वजनिक सड़कों पर किसी भी तरह का अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस कार्रवाई से अन्य अवैध कबाड़ व्यवसायियों में हड़कंप मच गया है। स्थानीय लोगों को उम्मीद है कि अब क्षेत्र में सफाई बनी रहेगी और यातायात सुचारू रूप से चलेगा।

**खास बात**

- सीएसईबी चौकी क्षेत्र के पंपहाउस बस्ती का मामला

## कटघोरा नगर में अहिरन नदी बनी परेशानी का सबब



अहिरन नदी में समाहित होता दूषित पानी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

कटघोरा नगर पालिका क्षेत्र के लोगों को इन दिनों भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। नगर के मध्य बहने वाली अहिरन नदी अब समस्या का कारण बन गई है। स्थानीय निवासियों का आरोप है कि नगर पालिका द्वारा अहिरन नदी के बहाव को कृत्रिम रूप से रोका जा रहा है, जिसके चलते नदी का पानी सड़ने लगा है। इससे आसपास के इलाकों में तेज बदबू और मच्छरों का प्रकोप बेतहाशा बढ़ गया है, जिससे बीमारियों के फैलने का खतरा भी मंडराने लगा है।

नगर के कारखाना क्षेत्र और आस-पास के रहवासी इलाकों में रहने वाले लोग बदबू और गंदगी से बेहद परेशान हैं। लोगों का कहना है कि जब से नगर के पुरानी बस्ती से लेकर अहिरन नदी तक नाली का निर्माण किया गया है, तब से नगर का सारा गंदा पानी इसी नदी में गिर रहा है। पहले नदी का बहाव खुला रहता था, जिससे गंदा पानी बह जाता था। लेकिन अब नदी का बहाव रोक देने से ये पानी वहीं रुक जाता है और उसमें सड़ांध उत्पन्न हो जाती है। स्थिति और भी चिंताजनक तब हो जाती है जब यह मालूम चलता है कि कसनिया व जुराली गांव के कुछ किसान इसी गंदे पानी में अपनी सब्जियों को धोकर उन्हें बाजार में बेच रहे हैं। इससे उपभोक्ताओं के लिए स्वास्थ्य संबंधी गंभीर खतरे उत्पन्न हो रहे हैं। यदि यह सिलसिला यूं ही चलता रहा, तो यह डायरिया, मलेरिया और डेंगू जैसी बीमारियों को जन्म दे सकता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि उन्होंने कई बार इस मुद्दे को लेकर नगर पालिका कार्यालय में शिकायत दर्ज करवाई है, लेकिन किसी भी अधिकारी या कर्मचारी ने इस पर ध्यान नहीं दिया। लोगों की मांग है कि अगर नदी का बहाव रोका गया है, तो उसे कम से कम हर दो-तीन दिनों में खोलकर पानी का प्रवाह शुरू किया जाए, ताकि पानी जमा न हो और उसमें दुर्गंध और मच्छरों की उत्पत्ति न हो सके।

#### प्रशासन से समाधान की मांग

नगरवासियों ने जिला प्रशासन और नगर पालिका से आग्रह किया है कि इस गंभीर समस्या का त्वरित समाधान निकाला जाए। यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई, तो लोग प्रदर्शन करने पर मजबूर होंगे। साथ ही स्वास्थ्य विभाग से भी अपेक्षा की जा रही है कि वह जांच कर किसानों द्वारा उपयोग किए जा रहे पानी की स्थिति का मूल्यांकन करे और जरूरत पड़ने पर उचित कदम उठाए।

## सुशासन तिहार में प्राप्त आवेदनों का जमीनी स्तर पर निराकरण करने पहुंचे आयुक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



निरीक्षण करते निगम आयुक्त एवं अन्य।

निगम आयुक्त ने सुशासन तिहार के तहत आमजन की विभिन्न मांगों व शिकायतों समस्याओं के संबंध में उनके द्वारा प्रस्तुत किए गए आवेदनों का जमीनी स्तर पर अब तक क्या निराकरण किया गया। आयुक्त ने समस्याओं का निराकरण एवं परीक्षण करने निगम के जोन कार्यालय पहुंचे तथा बचे आवेदनों का समयसीमा में निराकरण किए जाने के निर्देश अधिकारियों को दिए। सुशासन तिहार के प्रथम चरण के अंतर्गत आमनागरिकों द्वारा अपनी मांगों, शिकायतों व समस्याओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए गए थे, निगम के जोन कार्यालयों के माध्यम से इन आवेदनों के निराकरण की कार्यवाही की जा रही है। आयुक्त आशुतोष पाण्डेय शुक्रवार को औचक रूप से निगम के टीपी नगर जोन कार्यालय पहुंचकर प्राप्त आवेदनों के निराकरण की कार्यप्रगति की सघन रूप से समीक्षा की। श्री पाण्डेय ने अशोक वाटिका के सामने से वार्ड क्र. 14 झरनापारा होते हुए मैंगजीनभांठा तक बडे.नाले का निर्माण कराया जा रहा है।

## राष्ट्रीय वित्तीय साक्षरता दिवस पर किया गया विधिक जागरूकता शिविर

**कोरबा।** छग राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के स्टेट प्लान आफ एक्शन के अनुसार प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोरबा के अध्यक्ष श्री सत्येन्द्र कुमार साहू की उपस्थिति में शुक्रवार को राष्ट्रीय वित्तीय साक्षरता दिवस के अवसर पर शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान रामपुर कोरबा में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोरबा श्री सत्येन्द्र कुमार साहू द्वारा वित्तीय साक्षरता से संबंधित जानकारी, साइबर क्राईम, नेटवर्क मार्केट फ्राड, मनी लॉन्डरिंग फ्राड एवं पैसे का सही रख रखाव के संबंध में जानकारी एवं मार्गदर्शन प्रदान किया गया। श्री साहू ने कहा कि व्यवस्थित तरीके से खर्च के साथ पैसे बचाना वित्तीय साक्षरता है। पैसा लेन देन का माध्यम है, जिससे समान, सेवाएं आदि चीजें प्राप्त की जा सकती है। घर के बिलों का भुगतान किया जा सकता है। वित्त के अंतर्गत पैसे से संबंधित सभी चीजे शामिल है। जैसे पैसे का प्रबंधन, पैसा बनाना एवं पैसे के बारे में जानकारी देना। वह सक्षमता जिससे पैसे को संभालने का कौशल विकसित हो, पैसे के बारे में जानकारी हो, पैसे को समझदारी से संभालने की जानकारी विकसित हो।

**कार्यालय ग्राम पंचायत चोरिया , जनपद पंचायत बम्हनीडीह जिला जांजगीर चांपा ( छ ग)**
क्रमांक/1/ बाजार नीलामी/ग्रा . प . / 2025 चोरिया दिनांक 26/4/2025

**इश्तहार**

एदत द्वारा ग्राम पंचायत चोरिया के समस्त नागरिक एवं सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत चोरिया के सामान्य बैठक दिनांक 26/04/2025 को प्रस्ताव क्रमांक 02 पर सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि ग्राम पंचायत चोरिया के साप्ताहिक बाजार शनिवार एवं दैनिक हटरी बाजार नीलामी वर्ष 2025-26 अवधि एक वर्ष की खुली बोली दिनांक 02/05/2025 दिन शुक्रवार को दोपहर 02 .00 बजे से ग्राम पंचायत भवन चोरिया में किया जाना है , जिसमें अमानत राशि 10,000 दस हजार रुपए जमा कर नीलामी प्रक्रिया में भाग ले सकते हैं, जिसकी निम्न एवं शर्ते ग्राम पंचायत चोरिया के सूचना पटल पर चस्पा है एवं कार्यालयीन समय में ग्राम पंचायत चोरिया कार्यालय में देख सकते हैं।

**सरपंच/सचिव**
**ग्राम पंचायत चोरिया**
**जिला-जांजगीर चांपा**

## युवक की फंदे में मिली लाश मोबाइल पर लिखा सुसाइड नोट

**कोरबा।** एक युवक को लंबे समय से तीन युवक प्रताड़ित कर रहे थे। प्रताड़ना से तंग आकर युवक ने मोबाइल से ही सुसाइड नोट लिखकर घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। पुलिस ने मौके से मृत युवक की मोबाइल की जप्ती कर मामले की जांच शुरु कर दी है। सीएसईबी चौकी क्षेत्र अंतर्गत पंपहाउस झोपड़ी निवासी मुकेश साहू के पुत्र शुभम साहू ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया तो आत्महत्या से पहले युवक ने मोबाइल में एक सुसाइड नोट लिखा, जिसमें तीन युवकों को अपनी मौत के लिए जिम्मेदार बताया। पूछताछ में पता चला है कि मामला पैसों के लेनदेन से जुड़ा है। बताया जा रहा है कि शुभम पेट शॉप में काम करता था।

**न्यायालय श्रीमान तहसीलदार महोदय नवागढ़ जिला जांजगीर चाम्पा छ.ग.**

**सूचना/ईश्तहार**

रामचंद पिता देवलाल जाति कुर्मी निवासी कर्रा तह. नवागढ़ जिला जांजगीर चाम्पा छ.ग. ।

**बनाम**

अनुजराम, अनुसुईया पिसरान स्व. रामनाथ, झायराम, दूलारी बाई पिसरान घरम लाल, विष्णो बाई, राही बाई, नगेशर बाई पिसरान धरम लाल, राजाराम, शांति बाई, रतन बाई पिसरान पदुमनाथ, महेश्वरी पति पदुमनाथ ना.बा. दमयन्ती, भगवान दास पिता पदुमनाथ सुशील कुमार, विजय कुमार, सुशीला पिसरान रामकुमार पितर बाई बेवा रामकुमार, पवन कुमार, बसंत कुमार, जशवंत कुमार, नीमा, प्रीती, ज्योति, किरण, पिसरान जवाहर, राजकुमारी, पति जवाहर सभी जाति कुर्मी ग्राम कर्रा तह. नवागढ़ जिला जांजगीर चाम्पा छ.ग. के निवासी है। आप लोगो को इस नोटिस के द्वारा सुचित किया जाता है कि आवेदक द्वारा मौजा ग्राम कर्रा प.ह.नं. 08 तह. नवागढ़ जिला जांजगीर चाम्पा छ.ग. मे अवस्थित भूमि ख.नं. 375, 408, 459/1, 487, 626/1, 629, रकबा क्रमशः 0.172, 0.032, 0.073, 0.134,0.061 हे. कुल खसरा 06 योग रकबा 0.472 हे. भूमि एवं खसरा क्र. 121, 149, रकबा 0.044, 0.061 कुल खसरा 02 योग रकबा 0.105 हे. भूमि को आवेदक के पिता देवलाल आत्मज बलदेव ने पंजीकृत वसीयतनामा दिनांक 03/04/2000 को निष्पादित किया है। जिसके आधार पर उक्त भूमि को आवेदक अपने नाम पर नामांतरण कराने के लिये आवेदन पेश किया है । जिसका राजस्व प्रकरण क्र. 202408062200038/अ-6/2024-25 पेशी दिनांक 29/04/2025 को समय 10 बजे न्यायालय में उपस्थित होकर या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति पेश कर सकते है उपस्थित नही होने पर आप लोगो के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी।

सो सूचना प्रकाशित

तहसीलदार
नवागढ़

जाँजगीर मार्केट

ब्रान्डेड रेडीमेड कपड़ा शोरूम
COBB कंपनी के कपड़े पर 66% छूट 2 पे 4 फ्री
जान प्लेयर कंपनी के कपड़े पर 33% छूट
फायर सेफ्टी (अग्नि शानय यंत्र) 25% छूट
इंटीरियर सामान फर्नीचर किचन शोरूम 30% छूट
डोर एण्ड डोर (राजकोट) 33% छूट
फायर सेफ्टी रिफलिंग सुविधा उपलब्ध अब आपके शहर जांजगीर में
आदित्य प्लाई एण्ड हार्डवेयर
नेताजी चौक, लिंक रोड, जांजगीर
मो. 6260115021

संजीवनी SPRHC
फिजियोथेरेपी एवं पाईल्स क्लीनिक
पाईल्स बवासीर भगंदर पथरी (बिना ऑपरेशन)
• फ्रेक्चर, प्लास्टर ऑपरेशन के बाद जोड़ो का दर्द, जकड़न, ना मुड़ना
• कमर, गर्दन, कंधा, घुटना, एड़ी का दर्द
• सियाटिका, वात, लकवा (हाथ, पैर, मुंह)
• नसों से संबंधित दर्द
डॉ. श्रीमती ममता साहू BAMS, MS (Surgery), CGO (Nagpur)
डॉ. योगेश साहू (P.T.) BPT, MPT (Ortho.), CMT, DNHE
परशुराम चौक, डॉ. चन्द्रा हॉस्पिटल के बगल गली में चाम्पा
MO. 9691553615

HEALTH TOWN

अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभाट टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
• सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
• ऑपरेशन द्वारा ईलाज
• नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जाँच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
• टेढ़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
• दांतो की नसों का इलाज
• दांतों की सफाई व चमकाना
• दंत प्रत्यारोपण
• मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन

TOP IN JANJGIR

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
शिशु एवं बाल्यरोग विभाग
24x7 इमरजेंसी सुविधा उपलब्ध
• न्यूमोनिया, पायोथोरेक्स, सेप्टिक शॉक, उल्टी दस्त के साथ बच्चे का सुस्त हो जाना,
• तेज बुखार के साथ झटका आना, ए. आर. डी. एस. बच्चे को लगातार झटके आना,
• पीलिया, जन्म के समय गन्दा पानी पीना व साँस न लेना, हाइपरटेंशन, लीवर फैलियर,
• डाइबिटिक कीटो एसिडोसिस, अस्थमा, बच्चों का बार बार बीमार पड़ना, इमरजेंसी सुविधाएं,
• गहन एवं गंभीर रूप से पीड़ित सभी बच्चों का इलाज हेतु एन.आई.सी.यु., पी.आई.सी.यू. की सुविधा,
• क्रिटिकल केयर विभाग, सभी तरह की आपातकालीन सुविधाएं,
• आकस्मिक दुर्घटना, सर की चोंट, जहर खुरानी, माइग्रेन का इलाज, बिच्छू एवं सर्प दंश का इलाज,
• ह्रदयघात, छाती में भारीपन / दबाव/ असुविधा या दर्द, गंभीर संक्रमण, साँस फूलना, मलेरिया डेंगू,
• तेज धड़कन, लकवा / पैरालिसिस, अचानक चक्कर आना, गंभीर संक्रमण आदि,
डॉ. दिलीप जैन M.B.B.S, D.N.B, I.D.P.C.C.M
पता:- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
यूरोलॉजी विभाग (मूत्र एवं किडनी रोग)
• किडनी, मूत्रनली एवं पेशाब के थैली में पथरी (PCNL, URSL, SPCL, PCCL, RIRS)
• गुर्दा एवं पेशाब की थैली का कैंसर, प्रोस्टेट का बढ़ जाना (TURP),
• पेशाब का बार बार आना व कन्ट्रोल न होना, • पेशाब में खून व मवाद आना व जलन होना,
• पेशाब में रूकावट व जलन, • महिलाओं में खांसने व छींकने से पेशाब लिक होना,
• किडनी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, • पेशाब की नली में सिकुड़न व पतली धार होना,
• पुरुष नपुंसकता व बाँझपन, ए.वी. फिस्टुला ऑपरेशन (डायलिसिस हेतु)
• अत्याधुनिक दूरबीन, लेज़र से पथरी व प्रोस्टेट का ऑपरेशन (बिना चिर फाड़ के)
• कैंसर (गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली व टेस्टिस के कैंसर का ऑपरेशन,
सुविधाएं: दूरबीन पद्धति से मूत्ररोग के सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन
जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजिस्ट डॉ. प्रदीप जैन M.B.B.S, M.S, MCh Urology (Mumbai) Urologist, Andrologist & Renal Transplant Surgeon
पता:- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
दंत रोग विभाग
• दांतो से सम्बंधित सभी प्रकार के समस्याओं का इलाज
• दाँतों की नसों का ईलाज (Root Canal Treatment - RCT), दर्द रहित दांत निकालना,
• टेढ़े-मेढ़े व बाहर निकले दाँतों एवं जबड़ों का ईलाज (BRACES),
• हड्डी में फिक्स होने वाली बत्तीसी (IMPLANT), निकालने लगाने वाली बत्तीसी (DENTURES),
• आधुनिक मशीनों द्वारा दाँतों की सफाई, कृत्रिम दाँत लगाना, लेज़र द्वारा दाँतों में मसाला भरना,
• मुँह न खुलने व कम खुलने का ईलाज, मुँह के छालों का ईलाज (OSMF)
• दाँतों का एक्स-रे, दाँतों की ब्लीचिंग एवं व्हाइटनिंग,
• मुँह व दाँत सम्बंधित अन्य सभी बिमारियों का ईलाज, बच्चों के दंतरोगों का समूर्ण ईलाज
जिले की प्रथम एवं एकमात्र ऑर्थोडोंटिस्ट डॉ. सुमिता जैन B.D.S, M.D.S-Orthodontics & Dentofacial Orthopedics (GOLD MEDALIST), M.P.H
पता:- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग
• लेप्रोस्कोपी विधि द्वारा बच्चेदानी का ऑपरेशन, 24 घंटे नॉर्मल डिलीवरी और सीजीरियन डिलीवरी,
• बार बार गर्भपात होने का इलाज, बच्चेदानी की बंद ट्यूब को खोलना,
• बच्चेदानी की सफाई, मासिक सम्बन्धी बिमारियों का ईलाज,
• नसबंदी, युरिनरी समस्याएं, अनियंत्रित रक्त रिसाव, असमान्यतौर पर अचानक से रक्त का बहाव बढ़ जाना,
• बहुत ज्यादा पसीना आना, स्तन में गठान, गर्भावस्था की सम्पूर्ण जाँच,
• परिवार नियोजन सम्बन्धी सुविधाएँ, PCOD का ईलाज, सफ़ेद पानी (ल्यूकोरिया) का ईलाज,
• बच्चेदानी थैली, ओवरी के कैंसर व गठान का ईलाज,
• अन्य महिलाओं सम्बंधित बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन,
24/7 EMERGENCY SERVICES
सुविधाएं: सोनोग्राफी की सुविधा प्रसवपूर्व जाँच एवं परामर्श
पता:- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
जनरल सर्जरी, हड्डी रोग एवं ट्रॉमा विभाग
• पेट से सम्बंधित सारी बिमारियों का इलाज, आपेंडेक्टमी, गैलब्लैडर ऑपरेशन, हाइड्रोसील, बवासीर (पाइल्स),
• फिस्टुला, फिसर, आंतो की रुकावट, हार्निया ऑपरेशन, आंत-गुदा सम्बंधी ऑपरेशन,
• आंतों का फटना, वर्सेक्टमी, पुरुष एवं महिला नसबंदी, हेमोरोइड सर्जरी, थायरॉइड सर्जरी,
• सरकम सीज़र (खतना), ब्रेस्ट (स्तन) कैंसर, पेट एवं मुँह के कैंसर रोग सर्जरी, पित्त की थैली (गॉलब्लेडर) की पथरी का ऑपरेशन, बच्चों के समस्त ऑपरेशन
• एक्सीडेंटल व ट्रॉमा का ईलाज, घुटने और कूल्हे की सर्जरी व प्रत्यारोपण,
• हड्डी टूटने के सर्जरी, पैर और पैर की उँगलियों की सर्जरी, सल्य विधि से स्कोलियोसिस का सर्जरी,
• शोल्डर और बाजु की सर्जरी, कमर दर्द एवं साइटिका, ऑर्थराइटिस,
• गठिया, हड्डी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, बच्चों के समस्त हड्डी रोग का इलाज,
सुविधाएं: मॉड्युलर ऑपरेशन थियेटर, सर्जिकल आई.सी.यू., आई.सी.यू., मेल- फीमेल वार्ड, वातानुकूलित प्राइवेट एवं सेमी प्राइवेट रुम आदि.
15 किलोमीटर तक एम्बुलेंस सुविधा मुफ्त भर्ती मरीज हेतु
सी.एस.ई.बी. कर्मचारियों व अन्य इंश्योरेंस कंपनियों से कैशलेस सुविधा
सोनोग्राफी, एक्स-रे, सी- आर्म, पैथोलैब, फार्मेसी, ई.सी.जी. ई. ई.जी. इस्पाइरोमेट्री एम्बुलेंस सुविधाएँ.
पता:- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661

26-April- KORIYA-RAG- JANJ- Bhoomi pg-3_Layout 1 4/26/2025 8:37 PM Page 1





# प्रदीप कुर्बाह को मिला मास्को में सर्वश्रेष्ठ निर्देशक का अवॉर्ड

**मुंबई।** राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता और फिल्म निर्माता प्रदीप कुर्बाह ने 47वें मास्को अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में दो बड़े अवॉर्ड्स जीते हैं। उनकी फिल्म 'हा लिंग्खा बेनग' ने सर्वश्रेष्ठ फिल्म का पुरस्कार जीता और कुर्बाह को खुद सर्वश्रेष्ठ निर्देशक का पुरस्कार मिला। अधिकारियों ने इस बात की पुष्टि करते हुए बताया कि ये पुरस्कार नेटवर्क फॉर प्रमोशन ऑफ एशियन सिनेमा (एनईटीपीएसी) की तरफ से दिए गए। मेघालय के मुख्यमंत्री कॉनराड के. संगमा ने निर्देशक कुर्बाह को इस कामयाबी के लिए बधाई दी है। कुर्बाह की में तारीफ मुख्यमंत्री ने कहा कि रूस में कुर्बाह की कामयाबी मेघालय के सभी लोगों के लिए फख्र की बात है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने फिल्म के लिए कुर्बाह को 30 लाख रुपए की मदद दी है।

## लाइफ Style

# पत्रलेखा

## इन किरदारों में खूब जमाया रंग



पत्रलेखा अभिनीत फिल्म 'फुले' तमाम विवादों के बाद शुक्रवार को सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है। इस फिल्म में अभिनेत्री ने समाज सुधारक और क्रांतिकारी सावित्रीबाई फुले की भूमिका निभाई है। इस फिल्म से पहले भी पत्रलेखा ने अपनी फिल्मों में ऐसे रोल किए, जिन्होंने दर्शकों का दिल जीत लिया था। जानिए उन फिल्मों के नाम।

एजेंसी ⏭ मुंबई

साल 2014 में पत्रलेखा ने बॉलीवुड में डेब्यू किया था। उनकी पहली फिल्म का नाम था 'सिटीलाइट्स', जिसे हंसल मेहता द्वारा निर्देशित किया गया था। इस फिल्म में अभिनेत्री एक ग्रामीण महिला के किरदार में नजर आईं थीं, जो मुंबई में परिस्थितियों से लड़ती हैं और अपने परिवार को संभालती हैं। फिल्म में पत्रलेखा के अलावा राजकुमार राव भी मुख्य भूमिका में हैं। विक्रम भट्ट के निर्देशन में बनी फिल्म 'लव गेम्स', साल 2016 में रिलीज हुई थी। यह एक रोमांटिक थ्रिलर फिल्म है। इस फिल्म में अभिनेत्री ने डार्क भूमिका अदा की है, जो अपने पिछले अनुभवों के कारण टूट चुकी हैं।

अनुभव सिन्हा के निर्देशन में बनी 'आईसी 814 द कंधार हाईजैक' वेब सीरीज, साल 2024 में रिलीज हुई थी। इस सीरीज की कहानी साल 1999 में हुए इंडियन एयरलाइंस फ्लाइट 814 के हाईजैक पर आधारित है। इसमें अभिनेत्री पत्रलेखा ने इद्रानी नाम के एयर होस्टेस की भूमिका निभाई है। इस वेब सीरीज में पत्रलेखा के अलावा विजय वर्मा भी मुख्य भूमिका में हैं। साल 2019 में अश्विन शेट्टी के निर्देशन में पत्रेलखा अभिनीत फिल्म 'बदनाम गली' बनी। यह एक ड्रामा कॉमेडी फिल्म है। इस फिल्म में अभिनेत्री ने एक प्रेग्नेंट महिला की भूमिका निभाई है, जो एक मजबूत और आत्मनिर्भर महिला हैं।

## हॉलीवुड मसाला



# 'गोल्डन ग्लोब्स' का फिर करेंगी मेजबानी

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड के सबसे प्रतिष्ठित अवॉर्ड शो में से एक, गोल्डन ग्लोब्स का 83वां संस्करण 11 जनवरी 2026 को बेवर्ली हिल्टन में आयोजित होगा। आयोजकों ने हाल ही में इसकी घोषणा की। मशहूर कॉमेडियन निक्की ग्लेसर एक बार फिर इस शो की मेजबानी करेंगी। 2025 में निक्की ने गोल्डन ग्लोब्स की पहली सोलो महिला होस्ट बनकर इतिहास रच दिया था। अब वह 2026 में दोबारा यह जिम्मेदारी संभालने के लिए उत्साहित हैं। आयोजकों के अनुसार साल की सर्वश्रेष्ठ फिल्मों और टीवी शोज के लिए नामांकन की घोषणा 8 दिसंबर 2025 को होगी। वैराइटी की रिपोर्ट के मुताबिक अवॉर्ड्स का पूरा शेड्यूल जल्द ही जारी किया जाएगा। निक्की ने अपने बयान में मजाकिया अंदाज में कहा, 'इस साल गोल्डन ग्लोब्स की मेजबानी मेरे करियर का सबसे मजेदार अनुभव था।



# तीन साल की डेटिंग के बाद तीसरी शादी कर सकते हैं ब्रैड पिट?

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड स्टार ब्रैड पिट अब जल्द ही तीसरी शादी के बंधन में बंध सकते हैं। उन्होंने अपनी गर्लफ्रेंड को शादी के लिए प्रपोज किया और हो सकता है कि इन गर्मियों के आखिर तक दोनों शादी की घोषणा भी कर दें। 61 वर्षीय अभिनेता ब्रैड पिट ने 32 वर्षीय ज्वेलरी डिजाइनर इनेस डी रमोन को न्यूजीलैंड में अपनी फिल्म की शूटिंग में जाने से पहले शादी के लिए प्रपोज किया। ब्रैड अब अपने पुराने रिश्तों और एंजेलिना जोली के साथ लंबे तलाक से अलग हो चुके हैं और अब वह तीसरी शादी करना चाहते हैं। ब्रैड इस बात की कद्र करते हैं कि इनेस ने उनके मुश्किल समय में उनका साथ दिया। अगर वह इनेस से शादी करते हैं तो यह ब्रैड की तीसरी शादी होगी। इससे पहले वे जेनिफर एनिस्टन और एंजेलिना जोली से शादी कर चुके हैं। जेनिफर से 2005 में तलाक हुआ, जबकि एंजेलिना के साथ उनकी शादी 2014 में हुई, लेकिन 2016 में तलाक की अर्जी के बाद 2024 में यह पूरी तरह खत्म हुआ। इनेस के साथ ब्रैड का रिश्ता कुछ अलग है क्योंकि वे मनोरंजन जगत से नहीं हैं। ब्रैड को ऐसा साथी पसंद है, जो उनके साथ किसी भी तरह का कोई कम्पटीशन न करे।



# कश्मीरी ड्रैस में दिख रही एक्ट्रेस को था सलमान पर क्रश

**नई दिल्ली।** पूनम ढिल्लों ने यश चोपड़ा की फिल्म त्रिशूल से डेब्यू किया था। त्रिशूल के बाद से पूनम ने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा। उनका करियर आगे बढ़ता चला गया। पूनम ने एक इंटरव्यू में बताया था कि उन्होंने सलमान को सलीम खान के घर पर देखा था। उन्होंने कहा था- सलमान मुझसे कुछ साल छोटे थे। मैंने कभी नहीं सोचा था कि वो बड़े स्टार बनेंगे। मैंने प्यार किया के बाद से पूनम को सलमान पर क्रश था। उन्होंने अपने पति से कहा था- सलमान कितना क्यूट है। आज भी पूनम को सलमान का चार्म पसंद है। पूनम ढिल्लों ने अशोक ठकारिया से शादी की थी। दोनों 1988 में शादी के बंधन में बंधे थे। तलाक के बाद पूनम को अनमोल और पलोमा की कस्टडी मिली थी। उन्होंने अपने बच्चों की खुद परवरिश की और कभी दूसरी शादी न करने का फैसला लिया। अब उन्हें शादी पर विश्वास नहीं रहा।



# श्री श्री रविशंकर का रोल करेंगे विक्रांत मैसी

**मुंबई।** अपनी पिछली फिल्म 'द साबरमती रिपोर्ट' में विक्रांत मैसी ने एक पत्रकार की भूमिका निभाई थी। अब उनकी अगली फिल्म की अनाउंसमेंट हो गई है। इस फिल्म में वो आध्यात्म का रास्ता अपनाकर, शांति का पाठ पढ़ाते दिखेंगे। खास बात यह है कि अपनी अगली फिल्म में विक्रांत आध्यात्मिक गुरु श्री श्री रविशंकर का किरदार निभाते नजर आएंगे। इस फिल्म की शूटिंग जल्द शुरू होने वाली है और उनके फैंस को उनका एक नया अंदाज देखने को मिलेगा। विक्रांत मैसी अभिनीत इस अंतरराष्ट्रीय फिल्म का नाम है 'व्हाइट', जिसे मोंटू बस्सी द्वारा निर्देशित किया जा रहा है। इस फिल्म की शूटिंग की तैयारियां कोलंबिया में चल रही है। इसी साल जुलाई से फिल्म की शूटिंग शुरू होने वाली है। फिल्म की कहानी की बात करें तो यह एक आधुनिक शांति निर्माण का एक अनसुना अध्याय होगा।

## टीवी मसाला



# शब्बीर अहलूवालिया के नए शो का प्रोमो आया सामने

**नई दिल्ली।** कुमकुम भाग्य से फेमस हुए एक्टर शब्बीर अहलूवालिया अपने नए शो के साथ तैयार हैं। वह सोनी सब ने अपने आगामी रोमांटिक कॉमेडी शो 'उफ्फ... ये लव है मुश्किल' में नजर आने वाले हैं, जिसका दिलचस्प टीजर सामने आया है। यह शो ह्यूमर और भावनाओं का ताजा मिश्रण पेश करता है और पारिवारिक जीवन की हलचल के बीच प्यार के परिवर्तनकारी ताकत को दर्शाता है। मेकर्स ने प्रोमो शेयर करते हुए लिखा- सोच की तकरार, ऊपर से दो लड़ते भिड़ते परिवार। देखिए युग और कैरी की अनोखी कहानी उफ्फ ये लव है मुश्किल जल्दी ही सिर्फ। टेलीविजन के चहेते स्टार शब्बीर अहलूवालिया इस अनोखे शो में मुख्य भूमिका निभा रहे हैं। टीजर से ही यह साफ हो जाता है कि शबीर कुछ नया और अलग करने की चाह में हैं। 'उफ्फ... ये लव है मुश्किल' न सिर्फ शबीर के करियर का एक दमदार नया अध्याय है, बल्कि सोनी सब के विविधतापूर्ण कार्यक्रमों की लिस्ट में भी यह शो एक अनोखा स्थान बनाएगा। सोनी सब के आगामी शो में युग सिन्हा की भूमिका निभा रहे, शब्बीर अहलूवालिया ने कहा, 'मैं टेलीविजन पर वापसी करके बेहद उत्साहित हूं, खासकर ऐसे किरदार के साथ जो मेरी अब तक निभाई गई किसी भी भूमिका से बिल्कुल अलग है।

# जो ना कर सका कोई भी सीरियल वो सीआईडी ने कर दिखाया

**नई दिल्ली।** सीआईडी छोटे पर्दे के लोकप्रिय शोज में से एक हैं, जो काफी वक्त से टीवी पर चलता आ रहा है। सीआईडी सीरियल में अक्सर कई तरह



के बदलाव भी देखने को मिलते रहते हैं। इस बार शो के अंदर बड़ा बदलाव देखने को मिलेगा, जो आज तक ना किसी दूरदर्शन के सीरियल में देखने को मिला ना ही अन्य सीरियल्स में। क्राइम शो सीआईडी ने एक अभूतपूर्व कदम उठाते हुए अपने पहले मूक एपिसोड की घोषणा की है। यह खास एपिसोड एक अत्याधुनिक एस्केप रूम, 'द साइलेंट डेन' में सेट है, जहां एक जन्मदिन उत्सव अचानक रहस्यमयी और खतरनाक मोड़ ले लेता है। इस एपिसोड में सीआईडी टीम बिना संवादों के, केवल इशारों, नजरों, निगरानी फुटेज और फोरेंसिक साक्ष्यों के सहारे सच का पता लगाने की कोशिश करती है। सीनियर इंस्पेक्टर दया का किरदार निभाने वाले अभिनेता दयानंद शेट्टी ने इस अनूठे अनुभव के बारे में कहा, 'सीआईडी के इतने सालों में हमने कई जटिल मामलों को सुलझाया, लेकिन यह मूक एपिसोड वाकई अनोखा है।

# हॉरर-कॉमेडी 'कंपकंपी' का टीजर रिलीज

**मुंबई।** पिछले कुछ समय से बॉलीवुड में हॉरर-कॉमेडी फिल्में खूब बन रही है। जल्द ही दर्शकों को इसी जॉनर की एक फिल्म 'कंपकंपी' भी देखने को मिलेगी। इस फिल्म में श्रेयस तलपदे और तुषार कपूर लीड रोल में नजर आ रहे हैं। फिल्म का जो टीजर रिलीज हुआ, उसमें वैंपायर की झलक मिलती है, साथ ही कुछ लोगों का आत्मा से सामना होता है।

फिल्म 'कंपकंपी'23 मई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इस फिल्म में तुषार और श्रेयस के अलावा भी एक बड़ी स्टार कास्ट मौजूद है। फिल्म में सोनिया राठी, वरुण पांडे जैसे कलाकार भी नजर आएंगे। हॉरर के रंग में रंगी इस फिल्म में कॉमेडी भरपूर है, यह बात टीजर की चंद सीन्स में ही पता चलती है। टीजर की शुरुआत में



कुछ लोगों के साथ मिलकर ओइजा बोर्ड पर श्रेयस तलपदे का किरदार आत्माओं से संपर्क करने की कोशिश करता है। इसी वजह से आगे चलकर सभी लोग मुश्किल में पड़ जाते हैं। श्रेयस के अलावा फिल्म में तुषार कपूर भी हैं। श्रेयस और तुषार मिलकर कॉमेडी का तड़का फिल्म में लगा रहे हैं। फिल्म 'कंपकंपी' के साथ एक टैगलाइन लिखी है, 'आत्मा जी दर्शन दो ना।' फिल्म के टीजर में भी जब-तब आत्मा के होने का अहसास होता है। इस फिल्म को संगीत सिवन ने निर्देशित किया है।

# केसरी चैप्टर 2 और ग्राउंड जीरो के बाद इन फिल्मों में दिखेगा देशभक्ति का जज्बा

**नई दिल्ली।** हाल ही में रिलीज हुई अक्षय कुमार की 'केसरी चैप्टर 2' ने सिनेमाघरों में देशभक्ति की लहर पैदा कर दी है। जलियांवाला बाग हत्याकांड की सच्चाई बताने वाली इस फिल्म ने दर्शकों के दिलों को छू लिया है। वहीं, आज यानी 25 अप्रैल को इमरान हाशमी की 'ग्राउंड जीरो' ने भी सिनेमाघरों में दस्तक दी है। यह फिल्म बीएसएफ अधिकारी नरेंद्र नाथ धर दुबे की वीरता की कहानी को पर्दे पर लेकर आई है, लेकिन यह सिलसिला यहीं रुकने वाला नहीं है। आने वाले समय में कई ऐसी फिल्में दर्शकों के सामने होंगी, जो देशभक्ति और साहस की भावना को और मजबूत करेंगी।

### इक्कीस

फिल्म 'इक्कीस' साल 1971 के भारत-पाक युद्ध के हीरो सेकेंड लेफ्टिनेंट अरुण खेत्रपाल की वास्तविक कहानी पर आधारित है। अरुण को मरणोपरांत परम वीर चक्र से सम्मानित किया गया था। इस फिल्म में अगस्त्य नंदा नजर आएंगे।




### 120 बहादुर

फरहान अख्तर की '120 बहादुर' 1962 के भारत-चीन युद्ध में रेजांगला की लड़ाई पर आधारित है। यह फिल्म मेजर शैतान सिंह और उनकी 120 सैनिकों की टुकड़ी की कहानी है, जिन्होंने 3,000 से अधिक चीनी सैनिकों का सामना किया था। इस युद्ध में शहीद हुए मेजर शैतान सिंह को मरणोपरांत परम वीर चक्र मिला था। यह फिल्म सैनिकों के अदम्य साहस को श्रद्धांजलि देगी। फिल्म 21 नवंबर 2025 को सिनेमाघरों में दस्तक देगी।

### बॉर्डर 2

साल 1997 की सुपरहिट फिल्म 'बॉर्डर' का सीक्वल 'बॉर्डर 2' जल्द ही सिनेमाघरों में दस्तक देने वाला है। सनी देओल, वरुण धवन और दिलजीत दोसांझ जैसे सितारे इस फिल्म में भारतीय सेना के जवानों का किरदार निभाएंगे। 1971 के भारत-पाक युद्ध की पृष्ठभूमि पर आधारित यह फिल्म सैनिकों की वीरता और देशप्रेम को फिर से जीवंत करेगी। यह फिल्म 23 जनवरी 2026 को रिलीज होगी।

# 1980 तक कश्मीर था सिनेमा का पसंदीदा ठिकाना

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर में 38 साल बाद बॉलीवुड अभिनेता इमरान हाशमी की फिल्म 'ग्राउंड जीरो' की स्क्रीनिंग ने इतिहास रच दिया। यह पहली बार था जब इतने लंबे समय बाद कश्मीर में किसी हिंदी फिल्म का रेड कार्पेट प्रीमियर हुआ, लेकिन इसके ठीक चार दिन बाद, 22 अप्रैल को पहलगाम के बैसरन घाटी इलाके में हुए आतंकी हमले ने एक बार फिर कश्मीर को दहला दिया। यह घटना 2019 के पुलवामा हमले के बाद घाटी में सबसे घातक हमलों में से एक है। आतंकवादी हमलों का असर जम्मू कश्मीर के इलाकों ही नहीं, बल्कि वहां प्रीमियर होने वाली फिल्मों पर भी पड़ा है। आइए समझते हैं कि कश्मीर से सिनेमा इतने वर्षों तक क्यों दूर रहा...

## जानिए कश्मीर से क्यों दूर रहा सिनेमा?

### 1980 के अंत में सब कुछ बदल गया

1960 और 1970 के दशक में कश्मीर हिंदी सिनेमा की शूटिंग के लिए सबसे पसंदीदा जगहों में से एक था। डल झील, गुलमर्ग के बर्फीले पहाड़ और श्रीनगर की खूबसूरत वादियां बॉलीवुड फिल्मों का हिस्सा बनती थीं। जंगली, कश्मीर की कली, और बॉबी जैसी फिल्में यहां शूट हुईं। श्रीनगर में कई सिनेमाघर भी थे, जैसे रीगल, पल्लैडियम और नीलम, जहां लोग फिल्में देखने के लिए उत्साहित रहते थे, लेकिन 1980 के अंत में सब कुछ बदल गया।



### आतंकवाद ने सिनेमा को कर दिया गायब

1980 के दशक के अंत में कश्मीर में आतंकवाद ने जोर पकड़ा। 1989-90 में हालात इतने खराब हो गए कि आतंकियों ने सिनेमाघरों को निशाना बनाना शुरू कर दिया। आतंकवादी संगठनों ने सिनेमा को गैर-इस्लामिक बताकर सिनेमाघरों को बंद करने की धमकी दी। कई सिनेमाघरों में आग लगा दी गई, जैसे श्रीनगर का रीगल सिनेमा। कुछ सिनेमाघरों को गोदाम या दुकानों में बदल दिया गया। लोगों में डर बैठ गया और सिनेमा हॉल खाली होने लगे। जो लोग फिल्म देखना चाहते थे, उन्हें 300 किलोमीटर दूर जम्मू जाना पड़ता था। इस दौरान कश्मीर में फिल्मों की शूटिंग भी बंद हो गई।

### 1990 से 2020 तक पूरी तरह गायब रहा सिनेमा

1990 के बाद से कश्मीर में सिनेमा पूरी तरह गायब हो गया। आतंकवाद, अशांति और कर्फ्यू के कारण न तो फिल्में शूट हुईं और न ही सिनेमाघर खुले। इस दौरान कश्मीर की छवि एक संघर्षग्रस्त इलाके की बन गई। बॉलीवुड ने भी कश्मीर को अपनी कहानियों से दूर रखा। हालांकि, कुछ फिल्में जैसे मिशन कश्मीर (2000) और हैदर (2014) में कश्मीर का बैकग्राउंड दिखाए गए, लेकिन इनकी शूटिंग भी ज्यादातर कश्मीर के बाहर हुई। सिनेमाघरों की हालत इतनी खराब हो गई कि 2010 तक श्रीनगर में एक भी काम करने वाला सिनेमा हॉल नहीं बचा था।

### 2022 में सिनेमाघरों की वापसी

2022 में कश्मीर में सिनेमाघरों की वापसी की कोशिश शुरू हुई। श्रीनगर के शिवपोरा इलाके में एक मल्टीप्लेक्स खोला गया, जो 31 साल बाद घाटी का पहला सिनेमा हॉल था। इसके बाद सरकार ने कश्मीर को फिर से पर्यटन और सिनेमा का केंद्र बनाने की कोशिशें तेज कीं। 2019 में अनुच्छेद 370 हटने के बाद हालात कुछ हद तक सामान्य होने लगे थे, जिसके चलते फिल्ममेकर्स ने कश्मीर की ओर रुख किया। इस दौरान सिंहासन खाली है (2023) और आर्टिकल 370 (2024) जैसी फिल्मों की शूटिंग यहां हुई।

### 38 साल बाद हुई 'ग्राउंड जीरो' की स्क्रीनिंग

18 अप्रैल 2025 को श्रीनगर के इनॉक्स थिएटर में फिल्म ग्राउंड जीरो का रेड कार्पेट प्रीमियर हुआ, जो 38 साल बाद कश्मीर में पहली बार किसी बॉलीवुड फिल्म की स्क्रीनिंग थी। यह फिल्म एक बीएसएफ ऑफिसर नरेंद्र नाथ धर दुबे की कहानी है, जिन्होंने 2001 के संसद हमले के मास्टरमाइंड गाजी बाबा को मार गिराया था। फिल्म में इमरान हाशमी मुख्य भूमिका में हैं। इस स्क्रीनिंग में बीएसएफ जवानों को खास तौर पर आमंत्रित किया गया था। इमरान हाशमी ने इसे कश्मीर के लिए एक ऐतिहासिक पल बताया और कहा कि इससे कश्मीर में सिनेमा की वापसी को बढ़ावा मिलेगा।

### पहलगाम हमला और फिर डर का माहौल

'ग्राउंड जीरो' की स्क्रीनिंग के बाद अन्य बॉलीवुड फिल्ममेकर्स से अपील की गई थी कि वे भी कश्मीर में अपनी फिल्मों का प्रचार करें और स्क्रीनिंग करें, इस मुद्दे को जोर मिल ही रहा था कि पहलगाम आतंकी हमले ने एक बार फिर जगती हुई उम्मीद को डर के साए तले रौंद दिया।

## खबर संक्षेप



भोजन करते स्टाफ व स्कूली बच्चे।

### न्यौता भोज पर स्कूली बच्चों को कराया गया भोजन

**बिर्रा।** शासकीय प्राथमिक विद्यालय फूलवारीपारा बिर्रा में न्यौता भोजन का आयोजन किया गया। जिसमें संकुल प्रभारी लखनलाल कश्यप शैक्षिक समन्वयक गुरू प्रसाद भातपहरे व्याख्याता प्रेमलता साहू पूर्व शेक्षिक समन्वयक अरुण कश्यप जनभागीदारी समिति अध्यक्ष शिक्षक नोहर साहू शिक्षिका निहारिका साहू भारती साहू की उपस्थिति में हुआ जिसमें करीब 32विघार्थियो को पुड़ी बड़ा खीर फल व्यंजन भी परोसा गया। वहीं संकुल केन्द्र प्रभारी लखनलाल कश्यप ने कहा कि शासन की मंशानुरूप आज भी सभी विघालय में किसी के जन्म दिवस और छट्ठी कार्यक्रम में न्यौता भोजन किया जाता है। वहीं शैक्षिक समन्वयक गुरू प्रसाद भातपहरे ने कहा कि न्यौता भोजन से सभी को आनंद की अनुभूति होती है। साथ ही महिला समिति के अध्यक्ष व सचिव भी उपस्थित थे

### छग पेंशनधारी कल्याण की बैठक में गतिविधियों पर चर्चा



**तनौद।** छत्तीसगढ़ पेंशन धारी कल्याण संघ तहसील पामगढ़ का मासिक बैठक ग्राम तनौद सरस्वती शिशु मंदिर प्रांगण में रखी गई थी। बैठक कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नारायण प्रसाद यादव प्रांतीय प्रवक्ता एवं अध्यक्षता शंकरलाल आदित्य तथा सचिव बेदराम यादव के सानिध्य में संपन्न हुई। इस बैठक में तनौद को जोन ईकाई बना कर सुमन सिंह कंवर को जोन महामंत्री बनाया गया। इस बैठक में सदस्यों के बीच संघीय गति विधियों के बारे में प्रांतीय प्रवक्ता नारायण यादव ने दी। इस बैठक में रेशम लाल यादव ठंडा राम मिली मिठाई लाल खांडे बिहारी लाल भारद्वाज केदारनाथ यादव के एल यादव आर एल टंडन आदि सदस्यों की उपस्थिति रही।

### राष्ट्रीय सम्मेलन में रिसर्च पेपर प्रस्तुत कर चंद्राकर ने निभाई सहभागिता

**सक्ती।** 7 वा वार्षिक राष्ट्रीय सम्मेलन में डाँ. चौलेश्वर चंद्राकर ने पुणे महाराष्ट्र में रिसर्च पेपर छत्तीसगढ़ का मदकूद्वीपःपुरातत्वीय धरोहर एवं धार्मिक आस्था का केंद्र का वाचन किया। शोध पत्र में लिखा है कि नवनिर्मित छत्तीसगढ़ प्रदेश प्राचीन काल में दक्षिण कोशल के नाम से जाना जाता था। इतिहास पुरातत्व एवं संस्कृति का त्रिवेणी संगम यहाँ के स्मारको में दृष्टव्य है। पुरानी परंपराओं के साथ यहाँ का धार्मिक एवं सांस्कृतिक विरासत भी अनूठी है जिनके कारण भारत वर्ष में छत्तीसगढ़ की विशिष्ट पहचान है स्थापत्य कला को उजागर करने के साथ साथ हमारे प्रदेश का नाम रोशन कर रहे है। यह शोध पेपर डा.चौलेश्वर चंद्राकर ने पुणे महाराष्ट्र के डेक्कन डीन विश्वविद्यालय में अपना आलेख का वाचन किया है। तीन दिवसीय 7 वा सम्मेलन में देश भर के कोने कोने से विषय विशेषज्ञ कुलपति, प्राध्यापक गण कुल गुरु शामिल हुए हैं जिसने प्रमुख रूप से दिल्ली के आईसीएसएसआर के चेयरमैन धनंजय सिंह, कृष्णा भट्ट कुलपति, राजकुमार भाठिया, ए डी एन बाजपेयी कुलपति अटल बिहारी बाजपेयी विश्वविद्याल बिलासपुर , जोशी डेक्कन कॉलेज , प्रकाश मणि त्रिपाठी, बसंत शिंदे, प्रो.सुरेंद्र कुमार अर्थशास्त्री दिल्ली विश्वविद्यालय, सदानंद मोरे दर्शन शास्त्र के प्रोफेसर सहित सैकड़ो विद्वान जन शामिल हुए ।




वित्त मंत्री ओपी चौधरी के मुख्य आतिथ्य में हुआ सम्मान समारोह

# भाजपा ने डॉ. अंबेडकर को दिया उचित सम्मान : चौधरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिला मुख्यालय के आडिटोरियम में शनिवार को डॉ.भीमराव अंबेडकर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान अलग अलग क्षेत्रों के करीब ढाई सौ लोगों का सम्मान किया गया।

छत्तीसगढ़ सरकार के वित्त मंत्री व जिले के प्रभारी मंत्री ओमप्रकाश चौधरी के मुख्य आतित्य में सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री चौधरी ने कहा कि भाजपा ने डॉ. अंबेडकर को उचित सम्मान दिया है। कांग्रेस ने कभी बाबा साहेब अंबेडकर के नाम से स्मारक बनाने का विचार नहीं किया, दूसरी ओर भाजपा सरकार ने बाबा अंबेडकर को भारतरत्न से सम्मानित किया और लंदन, दिल्ली, मुंबई में उनसे संबंधित भव्य स्मारक बनवाए। आगे श्री चौधरी ने कांग्रेस पर आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस ने अंबेडकर को मुंबई से चुनाव हराने,और उनके मंत्रिमंडल से इस्तीफा देने में अहम भूमिका निभाई थी। श्री चौधरी ने आगे कहा कि बाबा अंबेडकर एक व्यक्ति नही एक विचार है, जिन्होंने जिस समतामूलक समाज का सपना देखा था, उसे कालांतर में भाजपा के संस्थापक पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने आगे बढ़ाने का काम किया। वर्तमान में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बाबा अंबेडकर के सपनों को आगे बढ़ाकर देश के हर गरीब के रोटी, कपड़ा और मकान का सपना पूरा करने में जुटे है। ओपी चौधरी ने कहा कि आदिवासी और दलित समाज धीरे-धीरे यह समझने लगा है कि कांग्रेस ने बाबा अंबेडकर का हमेशा अपने स्वार्थ के लिए उपयोग किया। यह जागरूकता कांग्रेस और विपक्षी दलों में घबराहट पैदा कर रही है। मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व छत्तीसगढ़ में पिछले एक साल में जनहित के कई बड़े कार्य किए गए हैं। उन्होंने भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने, पेपर लीक रोकने और पारदर्शी तरीके से नौकरियां देने की बात कही। कार्यक्रम को सासंद कमलेश जांगड़े, वरिष्ठ भाजपा नेता नारायण चंदेल जिले के प्रभारी गिरधर गुप्ता, भाजपा जिलाध्यक्ष अंबेश जांगड़े ने भी संबोधित किया। इस मौके पर पूर्व सांसद कमला पाटले, पूर्व विधायक चुन्नीलाल साहु, नगरपालिका अध्यक्ष रेखा गढ़वाल, प्रदीप नामदेव, लीलाधर सुल्तानिया, संतोष लहरे, अमर सुल्तानिया, मोहन यादव, रवि पांडेय, राजकुमार साहू, पुष्पेंद्र सिंह, आशा साव, विवेका गोपाल, हितेश यादव, पंकज अग्रवाल, मुकेश जायसवाल, संतोषी दुबे, प्रेमलता कौशिक, उमा सोनी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री पुरुषोत्तम शर्मा व आभार अमर सुल्तानिया ने किया।




कार्यक्रम के दौरान सम्मान करते मंत्री चौधरी व अन्य।

### डॉ. अंबेडकर के नाम पर होगा आडिटोरियम

कार्यक्रम के दौरान मंत्री ओपी चौधरी जांजगीर आडीटोरायम का नाम डा. भीमराव अम्बेडकर के नाम पर रखने की घोषणा की। साथ ही उन्होंने आडिटोरियम की स्थिति पर चिंता जताते हुए कहा कि इसका जीर्णोद्धार भी कराया जाएगा। श्री चौधरी ने कहा कि आने वाले समय मे जांजगीर चाम्पा छत्तीसगढ़ के नक्शे मे एक अलग स्वरूप में दिखाई देगा। उन्होंने जिले में विकास कार्यो के लिए 200 करोड़ का प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश भी मंच से दिए।

# पहलगाम हमले के शहीदों को नमन करने मुस्लिम समाज ने निकाली रैली

## शहीद स्मारक में कैण्डल जलाकर दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

स्थानीय सुन्नी मुस्लिम जमात द्वारा विगत 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पर्यटन स्थल पहलगाम में निहत्थे पर्यटकों पर आतंकवादियो द्वारा की गई गोलीबारी में मारे गए 26 शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करने शुक्रवार 25 अप्रैल को सायं मस्जिद के सामने से रैली निकालकर पाकिस्तान समर्थित आतंकवाद का कड़ा विरोध करते हुए शहीद स्मारक पहुंचकर शहीदों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

सायं 6.30 बजे सुन्नी जामा मस्जिद के सामने से निकाली गई आतंकवादी विरोधी रैली में शामिल समुदाय के लोग अपने हाथों में पाकिस्तान मुर्दाबाद तथा आतंकवाद मुर्दाबाद लिखी हुई तख्तियां थामे हुए थे। इस घटना से आक्रोषित सुन्नी मुस्लिम जमात चांपा द्वारा निकाली गई आतंकवाद विरोधी रैली में शामिल जमात के लोगों ने मौन रखकर आतंकवाद तथा पाकिस्तान की देश विरोधी नीतियों का विरोध किया। यह मौन रैली राधाकृष्ण मंदिर चौक, डोंगाघाट चौक, मोदी चौक, श्रीकृष्ण गौशाला, पोस्ट ऑफिस होते हुए थाना चौक के आगे स्थित शहीद स्मारक पहुंची। यहां कैण्डल जलाकर तथा कुछ देर का मौन रखकर पहलगाम में मारे गए शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई।




मस्जिद के सामने से रैली निकालते मुस्लिम समाज के लोग।

### आतंकी हमले के विरोध में मुस्लिम समाज ने जताया विरोध



**अकलतरा।** जम्मूकश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले, में 25 भारतीय और 1 नेपाली पर्यटक की जान चली गई, इस घटना ने पूरे देश को हिलाकर रख दिया। इस कायराना हरकत के खिलाफ अकलतरा में मुस्लिम समाज ने एकजुट होकर विरोध प्रदर्शन किया। स्थानीय मुस्लिम समुदाय ने आतंकवाद के खिलाफ अपनी आवाज बुलंद की और पाकिस्तान मुर्दाबाद व "भारत जिंदाबाद" के नारे लगाए। समाज के अध्यक्ष मोहम्मद इमरान ने कहा आतंकवाद का कोई धर्म नहीं। यह मानवता के खिलाफ अपराध है। हम भारत के नागरिक हैं और आतंकवाद के खिलाफ एकजुट हैं। उन्होंने केंद्र सरकार से आतंकवाद के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग करते हुए कहा कि ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए पाकिस्तान को कड़ा जवाब देना जरूरी है।इस अवसर पर हाजी सहनवाज खान, हाजी मुस्ताक मेमन, हाजी अनिस मेमन, अब्दूल मुकीद, मोहम्मद इकबाल, जिब्राईल सौदागर, मुस्ताक खत्री, अरीफ मेमन, मुर्तुजा खान, ललू खान, अरमान खान, मोईद बाबा, झल्लू सौदागर, यूसूफ सौदागर, सलीम सौदागर, मोहम्मद अनिस इस्लाम खान, फैजान कुरैशी, मोहम्मद रफीक, शेख अनवर, शेख राजा, शकलयन अंसारी, मोहम्मद कलीम, मोहम्मद कासीम सहित बड़ी संख्या में मुस्लिम शामिल हुए।

# गोधना में पेड़ों की अवैध कटाई जोरों पर, जिम्मेदार मौन

हरिभूमि न्यूज ⏭ गोधना

आदर्श ग्राम गोधना में हाल ही में आई तेज आंधी-तूफान ने कई पेड़ों को धराशायी कर दिया। इन गिरे हुए पेड़ों की आड़ में अब कुछ असामाजिक तत्व सक्रिय हो गए हैं। जानकारी के अनुसार, लोग न केवल तूफान से गिरे पेड़ों को अपने घरों में ले जा रहे हैं, बल्कि चोरी-छिपे हरे पेड़ों की भी कटाई कर रहे हैं।

**खास बात**

- कार्रवाई नहीं होने से लोगों के हौसले बुलंद।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार कटे हुए पेड़ों की लकड़ी को या तो अपने निजी उपयोग के लिए घरों में रखा जा रहा है या फिर खुले बाजार में बेचकर मुनाफा कमाया जा रहा है। इस अवैध गतिविधि के बावजूद संबंधित विभाग और प्रशासन पूरी तरह मौन बने हुए हैं। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि इस अवैध तस्करी से न केवल पर्यावरण को भारी नुकसान हो रहा है, बल्कि ग्राम की हरियाली भी तेज़ी से घट रही है। यदि समय रहते इस पर सख्त कार्रवाई नहीं की गई, तो आने वाले समय में गोधना ग्राम का प्राकृतिक संतुलन बिगड़ सकता है। ग्रामीणों ने कई बार इस बारे में शिकायत करने की कोशिश की, लेकिन कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। प्रशासन की उदासीनता के चलते अब अवैध कटाई करने वालों का हौसला लगातार बढता ही जा रहा है।



इस तरह से काटे जा रहे पेड़।



### अभा भारतीय हिन्दू महासभा का श्रद्धांजलि सभा आज

**सक्ती।** अखिल भारतीय हिंदू महासभा द्वारा पहलगाम में हुई नृशंस हत्या के विरोध में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन रविवार 27 अप्रैल को रखा गया है। रविवार को कचहरी चौक सक्ती मे 6:30 बजे अखिल भारतीय हिंदू महासभा सक्ती नगर अध्यक्ष राजकुमार अग्रवाल के नेतृत्व में कल पहलगाम में निर्दोष हिंदू भाई बहनों की नृशंस हत्या के विरोध में एवं उनकी आत्मा की शांति हेतु अखिल भारतीय हिन्दू महासभा जिला सक्ती दारा शान्ती सभा आयोजित की जा रही है। जिसमें सभी हिंदू धर्म प्रेमी भाई बहनों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर मृत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित करें अधिक से अधिक संख्या मे पहुंचने की अपील है। साथ ही पहलगाम में हत्या के विरोध उनकी आत्मा की शांति सभा रखा गया है।

### नवपदस्थ कलेक्टर से मिले बैरिस्टर ठा छेदीलाल अकादमी के पदाधिकारी



**जांजगीर-चांपा।** जिले के नवपदस्थ कलेक्टर जनमेजय मोहबे से बैरिस्टर ठाकुर छेदीलाल मेमोरियल अकादमी अध्यक्ष देवेश कुमार सिंह, सेनानी परिवार के वरिष्ठ सदस्य डॉ परस शर्मा सेवानिवृत आयुष संयुक्त संचालक एवं शिक्षाविद पवन सिंह चंदेल ने सौजन्य भेंटकर स्वागत सम्मान करते हुए जिले की विरासत एवं ऐतिहासिक पृष्ठभूमि की जानकारी प्रस्तुत किया। इस अवसर पर उन्हें आजादी की 75 वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में बैरिस्टर ठाकुर छेदीलाल मेमोरियल अकादमी द्वारा प्रकाशित, संग्राम सेनानियों की जीवन गाथा पर आधारित स्मारिका अमूल्य धरोहर की प्रति एवं संविधान निर्माण की 75 वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में ,भारतीय संविधान की उद्देशिका एवं नागरिकों के कर्तव्यों को उल्लेखित स्मृति चिन्ह भेंट किया गया।

# कार्यशाला में लोगों को बताए गए तम्बाकू के दुष्परिणाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

जिला सक्ती को तंबाकू मुक्त बनाने हेतु एक दिवसीय अंतर विभागीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। साथ ही राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम अंर्तगत अंतरविभागीय ज़िला स्तरीय प्रशिक्षण दिया गया।

सीएमएचओ कृपाल सिह कवर की अध्यक्षता में अंतरविभागीय एक दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त प्रशिक्षण में जिला कार्यक्रम प्रबंधक डॉ कृती बड़ा व डॉ प्रिया एक्का ज़िला नोडल अधिकारी, उपस्थित रहे। जिला नोडल अधिकारी, डॉ प्रिया एक्का के द्वारा ज़िले में तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम का बेहतर क्रियान्वयन कैसे किया जाए और शिक्षा विभाग की स्कूलों स्तर पर क्या भूमिका है, इसकी विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। साथ ही तम्बाकू सेवन के दुष्प्रभाव, तम्बाकू सेवन से होने वाले कैंसर, उनके लक्षण, उनकी पहचान, उनके बचाव के उपाय, मुख कैंसर का ईलाज, मुख कैंसर संबंधी दवाईयों की विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। संभागीय समन्वयकविलेश रावत द्वारा जिले में राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के कार्य संपादन किए जाने के लिए जिले के समस्त शासकीय व निजी स्कूलों और ग्राम पंचायतों को तम्बाकू मुक्त किए जाने हेतु निर्देश दिए गए। साथ ही जिले में कोटपा अधिनियम 2003 की धाराओं के उल्लंघन पर प्रतिबंध सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। डॉ शैलेंद्र मिश्रा राज्य समन्वयक के द्वारा कार्यकम के बारे में सम्पूर्ण जानकारी दी गई। सभी स्कूलों को तंबाकू मुक्त करना, प्राधिकृत अधिकारी द्वारा धारा 4 व धारा 6 के उल्लंघन पर चालानी कार्रवाई किये जाने हेतु एवं व्यापक प्रचार-प्रसार एवं स्कूलो, कॉलेजों के 100 गज के दायरे में येलो लाईन कैम्पेन सुनिश्चित कर तंबाकू मुक्त शिक्षण संस्थान किये जाने हेतु भारत सरकार द्वारा तंबाकू मुक्त शिक्षण के समस्त दिशानिर्देश का पालन सुनिश्चित किए जाने हेतु निर्देश दिए गए। इस अवसर पर दंत सहायक शिव लाल पटेल व अन्य विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।



कार्यशाला में उपस्थित जन।

# शिव महापुराण कथा में गणेशजी के महिमा का किया वर्णन, बड़ी संख्या मे पहुंचे श्रद्धालु

**अकलतरा।** ग्राम पंचायत किरारी के गुरुवाईंन दाई मंदिर परिसर में दोनों पंचकुंडीय महापशुपतय यज्ञ एवं श्री शिव पुराण कथा का आयोजन किया जा रहा है। कथा सुनने बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे हुए थे।

ग्राम किरारी में पंचकुंडीय महापशुपत्य यज्ञ व शिवपुराण कथा का आयोजन किया जा रहा है। कथा व्यास पंडित लक्ष्मी नारायण दुबे ने शिव पुराण में श्री गणेश और कार्तिकेय के जन्म की कथा का विस्तार से वर्णन किया। शिव पुराण के अनुसार, गणेश को माता-पिता के प्रति उनकी भक्ति के कारण प्रथम पूज्य का वरदान मिला था। कार्तिकेय ने तारकासुर का वध करने के लिए जन्म लिया था। कथा के अनुसार इस परिक्रमा के बाद जब कार्तिकेय अपने माता-पिता के पास पहुंचे तो देखा कि गणेश पहले ही मौजूद थे। कथा व्यास पंडित लक्ष्मी नारायण दुबे ने कहा कि गणेश के इस मातृ एवं पितृ भक्ति को देख भगवान शंकर और पार्वती ने किसी भी कार्य को करने के पहले भगवान गणेश की पहली पूजा का वरदान दिया। कथा सुनने के लिए प्रतिदिन आसपास एवं दूर दूर से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। व्यासपीठ द्वारा प्रतिदिन अपराह्न 4 बजे से कथा का वाचन किया जा रहा है। 30 अप्रैल गुरुवार को हवन पूर्ण आहुति सहस्त्रधारा तुलसीवर्षा के साथ कथा विश्राम होगा।



# ब्राम्हण समाज परशुराम जयंती पर दो को निकालेगा शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ पामगढ़

सर्व ब्राह्मण संगठन पामगढ़ द्वारा भगवान परशुराम जयंती को लेकर बैठक का आयोजन रखा गया था। बैठक में जयंती पर 2 मई को भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी।

2 मई को भगवान परशुराम जयंती पर पामगढ़ में होने वाले भव्य शोभायात्रा की तैयारियों को लेकर सर्व ब्राह्मण संगठन पामगढ़ क्षेत्र की मुलमुला ईकाई में बैठक संपन्न हुई। जिसमें आपसी सहयोग, निमंत्रण, भोजन प्रसाद व्यवस्था जैसे विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई। रविवार 25 अप्रैल को आयोजित बैठक में विद्या निकेतन स्कूल पामगढ़ में पुनः बैठक रखी गई। उक्त बैठक में मुलमुला, व्यास नगर, नंदेली, कोसा, कोनार, भैंसों, कुटीघांट एवं क्षेत्र के विभिन्न गांवों से विप्र समाज के लोग मौजूद रहे। जिसमें पामगढ़ क्षेत्र अध्यक्ष नरेन्द्र कुमार पाण्डेय, पालेश्वर शर्मा, सत्य नारायण शर्मा, गोपाल कृष्ण पांडेय, विमलेश पाण्डेय, अश्विनी पाण्डेय, भरत व्यास, नरेन्द्र उपाध्याय, मोरध्वज दीक्षित, रामअवतार दुबे, कोमल प्रसाद ब्रम्हभट्ट, संजय मिश्रा, दयाशंकर शर्मा, अतुल्य प्रकाश तिवारी, आदर्श तिवारी, उपेन्द्र कुमार दिक्षित, चंद्रमोहन तिवारी, उमाशंकर तिवारी, साकेत मिश्रा, गौरव तिवारी उपस्थित थे।



### ग्रामीण क्षेत्रो में घंटों बिजली सेवा बाधित, लोग हलाकान

**जांजगीर-चांपा।** सारागांव विद्युत सब स्टेशन के अंतर्गत आने वाले दर्जनों ग्राम पंचायतों में घंटों बिजली गुल कर दी जा रही है, जिसके चलते ग्रामीणों की परेशानी और भी बढ़ गई है।










